# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

क्र0 / प्र.मं.आ.यो. / न.नि. / 2025 / 433 भिलाई, दिनांक 02 / 6 / 2025

## / / आदेश / /

नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत 1120 यूनिट आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य हेतु निविदाकार मेसर्स चंद्र निर्माण प्राइवेट लिमिटेड विला नं.–22 मारूति लाईफ स्टाईल, जिला–रायपुर छत्तीसगढ़ को इस कार्यालय द्वारा दिनांक 05.05.2018 को कार्यादेश जारी किया गया था तथा दिनांक 05.05.2018 को इस कार्यालय एवं निविदाकार के मध्य अनुबंध निष्पादित किया गया। कार्यालय के संबंधित अधिकारियों द्वारा समय–समय पर स्थल निरीक्षण उपरांत प्राप्त वस्तुस्थिति / कमियों के संबंध में निविदाकार को इस कार्यालय द्वारा समय–समय पर जारी पत्रों / नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया, कार्यादेश दिनांक 05.05.2018 अनुसार उपरोक्त कार्य 18 माह की समयावधि में पूर्ण किया जाना था किन्तु कार्यादेश जारी होने के 07 वर्ष पश्चात् भी कार्य अपूर्ण है। कार्यालयीन अभिलेखों के अनुसार उपरोक्त संबंध में तथ्यात्मक स्थिति निम्नानुसार हैः–

1. इस कार्यालय द्वारा जारी कार्यादेश दिनांक 05.05.2018 अनुसार स्थल पर ले–आउट उपलब्ध कराकर कार्य प्रारंभ करने हेतु पत्र क्र. 978 दिनांक 06.08.2018 अनुसार निविदाकार को पत्र प्रेषित किया गया। किन्तु निविदाकार के द्वारा कार्य में 03 माह विलंब करते हुए कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य प्रारंभ करने में निविदाकार द्वारा विलंब किया जाना स्वतः स्पष्ट है।

2. समयवृद्धि हेतु निविदाकार द्वारा प्रस्तुत आवेदन तथा बारचार्ट अनुसार एवं अनुबंध में उल्लेखित शर्तों के अधीन निविदाकार को समय–समय पर समयवृद्धि प्रदान किया गया था किन्तु निविदाकार द्वारा कोविड 19 के महामारी के बाद एवं तत्पश्चात निरंतर भुगतान के उपरांत भी निविदाकार द्वारा बारचार्ट अनुसार कार्य नहीं किया गया तथा समय–समय पर निरंतर प्रेषित किये गये पत्राचार का पालन भी नहीं किया गया, जिसके फलस्वरूप इस कार्यालय द्वारा उपरोक्त अनुबंध दिनांक 05.05.2018 को समाप्त करते हुये इस कार्यालय के पत्र क्र. / प्र.मं.आ.यो. / न.पा.नि. / 945, भिलाई दिनांक 10.07.2023 के तहत् कार्यादेश निरस्त किया गया था।

3. निविदाकार द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन दिनांक 28.07.2023 पर विचार करते हुये निविदाकार द्वारा दिये गये बार–चार्ट अनुसार उक्त कार्य के लिये पुनः कार्यादेश क्रं. 1049 दिनांक 07.08.2023 के माध्यम से उपरोक्त कार्यादेश / अनुबंध दिनांक 05.05.2018 बहाल करते हुये 1120 आवास में से छत तक पूर्ण 560 आवास एवं संपूर्ण बाह्य विकास कार्य को 31 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण करने एवं शेष 560 अधूरे आवास को 31 मार्च 2024 तक पूर्ण करने तथा अनुबंध के अतिरिक्त कोई मांग इस कार्यालय से नहीं करने तथा निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति में अनुबंध के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया किन्तु निविदाकार द्वारा उपरोक्त पुनः कार्यादेश दिनांक 07.08.2023 सहपठित कार्यादेश / अनुबंध दिनांक 05.05.2018 का उल्लंघन करते हुये समय–सीमा में कार्य नहीं पूर्ण किया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि निविदाकार द्वारा कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के प्रति असंवेदनशीलता प्रदर्शित किया गया है।

4. निविदाकार को आज दिनांक तक 2895.01 लाख रूपये **(कुल कार्य का 58%)** भुगतान किया जा चुका है, वर्तमान में कोई भी चल देयक भुगतान हेतु लंबित नहीं है किन्तु निविदाकार द्वारा कार्य में रूचि नहीं लिये जाने के कारण एवं लेबर, मशीनरी कम रखे जाने से शेष कार्य अभी भी अपूर्ण है, इस प्रकार निविदाकार के द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना के संबंध में शासन से निधि प्राप्त करने के बावजूद कार्य अधूरा रखते हुये प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न की गयी है।

5. निविदाकार द्वारा निर्माण कार्य के धीमी गति रखने, पर्याप्त मशीनरी एवं लेबर नही पाये जाने एवं दिये गये निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण समय–समय पर क्रमशः कार्यालय के पत्र क्. 09 दिनांक 02.04.2024, पत्र क्. 51 दिनांक 19.04.2024, पत्र क्. 137 दिनांक 20.05.2024, पत्र क्. 371 दिनांक 19.07.2024, पत्र क्. 595 दिनांक 12.09.2024, पत्र क्. 620 दिनांक 20.09.2024, पत्र क्. 725 दिनांक 14.11.2024, पत्र क्. 766 दिनांक 04.12.2024, पत्र क्. 792 दिनांक 13.12.2024, पत्र क्. 807 दिनांक 16.12.2024, पत्र क्. 852 दिनांक 31.12.2024, पत्र क्. 10 दिनांक 06.01.2025, पत्र क्. 78 दिनांक 04.02.2025, पत्र क्. 167 दिनांक 27.02.2025, पत्र क्. 290 दिनांक 07.04.2025, पत्र क्. 436 दिनांक 25.04.2025, पत्र क्. 523 दिनांक 05.05.2025 तथा पत्र क्. 384 दिनांक 15.05.2025 के माध्यम से निविदाकार को नोटिस प्रेषित कर उपरोक्त कार्य पूर्ण करने लेख किया गया किन्तु निविदाकार के द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रेषित उपरोक्त 18 नोटिसों को अनदेखा करते हुये निर्देशों का पालन नहीं किया गया है तथा आज दिनांक तक कार्य अपूर्ण रखते हुये शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में गंभीर बाधा उत्पन्न की गयी है।

6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा ली गई समीक्षा बैठक दिनांक 01.02.2025 में निविदाकार के द्वारा किये गये कार्य की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुये निविदाकार के प्रतिनिधि को पर्याप्त लेबर एवं मशीनरी के साथ सभी प्लिंथ स्तर के आवासों को छत स्तर तक पूर्ण करने एवं पूर्ण किश्त जमा कर चुके सभी हितग्राहियों के आवासों को दिनांक 31 मार्च 2025 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये थे किन्तु समीक्षा बैठक दिनांक 01.02.2025 के पश्चात् सतत् स्थल निरीक्षण के दौरान 1120 यूनिट आवास स्थल में 15 अप्रैल तक केवल 12–15 लेबर तथा 15 अप्रैल 2025 के पश्चात् कार्यस्थल पर कोई भी लेबर एवं मशीनरी कार्य करते नही पाये गये है। निविदाकार के द्वारा कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी रखने, निर्देशो का पालन नहीं करने तथा समय–सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने से शासन एवं निगम की छवि धूमिल हुई है, जिसके लिए निविदाकार उत्तरदायी है।

7. सचिव महोदय, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक दिनांक 23.04.2025 में प्रधानमंत्री आवास योजना, ए.एच.पी. घटक अंतर्गत निर्माणाधीन 1120 यूनिट के आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के प्रगति के संबंध में निविदाकार के प्रतिनिधि श्री आशीष नन्दीग्रामवार के माध्यम से निविदाकार को निर्देशित किया गया था कि हितग्राहियों को आबंटित हो चुके 524 आवासों को दिनांक 31.05.2025 तक पूर्ण किया जाना है, जिसके तारतम्य में इस कार्यालय द्वारा हितग्राहियों को आबंटित हो चुके आवासों को दिनांक 31.05.2025 तक पूर्ण करने की शर्त पर निविदाकार के विरूद्ध 0.5% दण्ड विधान अधिरोपित करते हुये समयवृद्धि प्रदान की गयी थी। पूर्व में आवास आबंटित किये गये 524 हितग्राहियों में से पूर्ण किश्त जमा किये गये 219 हितग्राहियों के आवासों की सूची मोबाईल नं. सहित निविदाकार को उपलब्ध करायी गयी थी किन्तु पूर्ण किश्त जमा किये गये 219 हितग्राहियों में से केवल 40 हितग्राहियों के आवासो को निविदाकार के द्वारा पूर्ण किया गया है एवं शेष 179 हितग्राही आवास से वंचित हुये है तथा 524 आबंटित हितग्राही में से 305 हितग्राही अपनी पूर्ण किश्त की राशि जमा करने से हतोत्साहित हुये है। निविदाकार द्वारा दिनांक 15 अप्रैल 2025 के पश्चात् कार्यस्थल पर कोई भी लेबर एवं मशीनरी कार्य में नहीं लगाया गया है, इस प्रकार निविदाकार द्वारा सचिव महोदय, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना करते हुये कार्य में कोई प्रगति प्रदर्शित नहीं की गयी है।

8. 1120 यूनिट आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य में 420 आवास फिनिशिंग स्तर (ग्रिल विण्डो, दरवाजा, टाईल्स, बिजली पानी फिटिंग, पैनल, टैप कनेक्शन, किचन फिटिंग, सैनेटरी फिटिंग), 184 आवास स्ट्रक्चर एवं छत पूर्ण तथा 516 आवास फाउण्डेशन स्तर पर है। उपरोक्त सभी आवासों का निर्माण कार्यादेश/अनुबंध दिनांक 05.05.2018 अनुसार 18 माह की समयावधि में पूर्ण किया जाना था किन्तु निविदाकार द्वारा कार्यादेश/अनुबंध शर्तो का उल्लंघन करते हुये समय–सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, 15 अप्रैल के पूर्व निविदाकार द्वारा 12–15 श्रमिक कार्य में लगाया गया था किन्तु 15 अप्रैल 2025 के पश्चात् कार्य मौके पर पूर्णतः बंद स्थिति में है, जिससे निविदाकार द्वारा उपरोक्त कार्य पूर्ण करने में कोई रूचि नहीं लेना स्पष्ट रूप से दर्शित होता है। जिससे निविदाकार के विरूद्ध अनुबंध शर्तो के उल्लंघन हेतु कार्यवाही किया जाना अपरिहार्य हो गया है।

9. इस कार्यालय एवं निविदाकार के मध्य निष्पादित अनुबंध दिनांक 05.05.2018 की कंडिका 1.15 में स्पष्ट प्रावधान किया गया है कि

1.15 Action when the work is left incomplete abandoned or delayed beyond the time limit permitted by the Commissioner/ E.E. of ULB Concerned. -

(i) The Executive Engineer/ Commissioner of ULB Concerned. May terminate the contract if the contractor causes a fundamental breach of the contract.

(ii) Fundamental breach of contract shall include, but not be limited to, the following:-

(a) The contractor stops work for four weeks, when no stoppage of work is shown on the current programmed or the stoppage has not been authorized by the Commissioner/E.E. of ULB Concerned...

(b) The Commissioner/ E.E. of ULB Concerned. Gives notice that failure to correct a particular defect is a fundamental breach of contract and the contractor fails to correct it within reasonable period of time determined by the Commissioner/ E.E. of ULB Concerned. In the said notice.

(c) The contractor has delayed the completion of work by the number of weeks [12 (Twelve) weeks] for which the maximum amount of compensation of 6% of contract sum is exhausted.

(d) If the contractor has not completed at least thirty percent of the value of construction work required to be completed in half of the completion period (Including validly extended period if any).

(e) If the contractor fails to appoint the technical staff and if appointed do not function properly for 4 weeks even after due written notice by the Commissioner/ E.E. of ULB Concerned..

(f) If he violates labor laws.

(g) Any other deficiency which goes to the root of the contract Performance

(iii) If the contract is terminated, the contractor shall stop work immediately, make the site safe and secure and leave the site as soon as reasonably possible.

(iv) The Executive Engineer of ULB Concerned. shall cause recording and checking of measurements of all items of work done (taking in to account quality and quantity of items actually executed) and prepare the final bill after adjusting all pervious outstanding dues. Such recording of measurements shall be done after due notice regarding time and date of recording measurement and directing the contractor to either remain present himself or his authorized representative so as to satisfy himself that the recording of measurement is just and proper. Failure on his parts either to attend and or refusing to acknowledge the measurement so recorded in the department measurement book, shall be at his sole risk and responsibility.

**The Commissioner of ULB Concerned. shall forfeit the earnest money and or security deposit and further recover/deduct/adjust a compensation @ 10% (ten percent) of the balance value of work left incomplete either from the bill, and or from available security/performance guarantee or shall be recovered as "Arrears of land revenue"**

अतः इस कार्यालय एवं निविदाकार के मध्य निष्पादित अनुबंध दिनांक 05.05.2018 अनुसार अनुबंध शर्तो का पालन नहीं करने, इस कार्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों की अवहेलना करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ए.एच.पी. घटक अंतर्गत कार्यादेश अनुसार 1120 यूनिट आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य 07 वर्ष से अधिक की समय–सीमा में भी पूर्ण नहीं करने के कारण निविदाकार मेसर्स चंद्र निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के विरूद्ध उपरोक्त अनुबंध की कंडिका क्रमांक–1.15 अनुसार इस कार्यालय एवं निविदाकार मेसर्स चंद्र निर्माण प्राइवेट लिमिटेड के मध्य निष्पादित अनुबंध दिनांक 05.05.2018 समाप्त करते हुये कार्यादेश निरस्त किया जाता है, अनुबंध अनुसार निविदाकार द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि एवं सुरक्षित राशि राजसात की जाती है तथा निविदाकार मेसर्स चंद्र निर्माण प्राइवेट लिमिटेड को नगर पालिक निगम, भिलाई की समस्त निविदाओं में भाग लेने से वंचित किया जाता है।

साथ ही निविदाकार द्वारा अपूर्ण रखे गये शेष कार्य की लागत राशि के 10% क्षतिपूर्ति राशि की वसूली, शेष देयक राशि व परफारमेंस गारंटी राशि से करने एवं शेष राशि भू–राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किये जाने हेतु आदेशित किया जाता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पत्र क्र0/प्र.मं.आ.यो/न.नि./2025/434 भिलाई, दिनांक 02/6/2025

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर, जिला–दुर्ग की ओर सादर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, नवा रायपुर, अटल नगर को सूचनार्थ।
5. मुख्य अभियंता, लोक कर्म विभाग, नार्थ ब्लॉक सेक्टर 19 नवा रायपुर, अटल नगर को सूचनार्थ एवं ठेकेदार को काली सूची में दर्ज करने आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. अधीक्षण अभियंता, सह नोडल अधिकारी (प्र.मं.आ.यो.) नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. सर्व विभाग प्रमुख,..............................................................नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
8. जन संपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
9. निविदाकार मेसर्स चंद्र निर्माण प्राइवेट लिमिटेड, विला नं.–22 मारूति लाईफ स्टाईल, जिला–रायपुर छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. मेसर्स सावजानी, ए.एण्ड.ई. पी.एम.सी. कंसलटेंट राजकोट, गुजरात को सूचनार्थ एवं निविदाकार द्वारा अपूर्ण/शेष कार्य का तीन दिवस के भीतर मूल्यांकन करने एवं डी.पी.आर. प्रस्तुत करने आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

क्र0 / प्र.मं.आ.यो. / न.नि. / 2025 / 384 भिलाई, दिनांक 15 / 5 / 2025

/ / अंतिम सूचना / /

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.
विला नं.–22 मारूति लाईफ स्टाईल
जिला– रायपुर, (छ0ग0)

विषय :– प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत निर्माणाधीन 1120 यूनिट में आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य पूर्ण करने अंतिम सूचना।

संदर्भ :–
1. कार्यादेश क्र. 76 दिनांक 05 / 05 / 2018 ।
2. पुनः कार्यादेश क्र. / न.नि. / 1049 भिलाई दिनांक 07.08.2023 ।
3. कार्यालय का पत्र क्र. / 9 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 02.04.2024 ।
4. कार्यालय का पत्र क्र. / 51 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 19.04.2024 ।
5. कार्यालय का पत्र क्र. / 137 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 20.05.2024 ।
6. कार्यालय का पत्र क्र. / 371 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 19.07.2024 ।
7. कार्यालय का पत्र क्र. / 595 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 12.09.2024 ।
8. कार्यालय का पत्र क्र. / 620 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 20.09.2024 ।
9. कार्यालय का पत्र क्र. / 725 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 14.11.2024 ।
10. कार्यालय का पत्र क्र. / 766 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 04.12.2024 ।
11. कार्यालय का पत्र क्र. / 792 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 13.12.2024 ।
12. कार्यालय का पत्र क्र. / 807 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 16.12.2024 ।
13. कार्यालय का पत्र क्र. / 852 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 31.12.2024 ।
14. कार्यालय का पत्र क्र. / 10 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 06.01.2025 ।
15. कार्यालय का पत्र क्र. / 78 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 04.02.2025 ।
16. कार्यालय का पत्र क्र. / 167 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 27.02.2025 ।
17. कार्यालय का पत्र क्र. / 290 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 07.04.2025 ।
18. कार्यालय का पत्र क्र. / 436 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 25.04.2025 ।
19. कार्यालय का पत्र क्र. / 523 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 05.05.2025 ।

———0———

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 23.04.2025 को सचिव महोदय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित बैठक में ए.एच.पी. घटक अंतर्गत निर्माणाधीन 1120 यूनिट एएचपी घटक के आवास निर्माण एवं बाह्य विकास का कार्य के प्रगति के संबंध में आपके प्रतिनिधि आशीष नन्दीग्रामवार के माध्यम से आपको निर्देशित किया गया है कि आबंटित हो चुके 524 आवासों को दिनांक 31.05.2025 तक पूर्ण किया जाना है। जिसके तारतम्य में आयुक्त महोदय द्वारा हितग्राहियों को आबंटित हो चुके आवासों को दिनांक 31.05.2025 तक पूर्ण करने की शर्त पर आपको समयवृद्धि प्रदान किया गया। जिसमें निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति निम्नानुसार है:–

1. पूर्व में प्रदत्त किये गये कार्यादेश अनुसार स्थल पर ले–आउट उपलब्ध कराकर कार्य प्रारंभ करने हेतु पत्र क्र. 978 दिनांक 06.08.2018 अनुसार पत्र प्रेषित किया गया। तत्पश्चात आपके द्वारा कार्य 03 माह विलंब करते हुए कार्य प्रारंभ किया गया था। इससे स्पष्ट है कि कार्य प्रारंभ करने में आपके द्वारा विलंब किया गया है न कि नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा।

क्रमशः..

2. समयवृद्धि हेतु आपके प्रस्तुत आवेदन तथा बारचार्ट अनुसार एवं अनुबंध में उल्लेखित शर्तों के अधीन आपको समय–समय पर समयवृद्धि प्रदान किया गया था किन्तु आपके द्वारा कोविड 19 के महामारी के बाद एवं तत्पश्चात निरंतर भुगतान के उपरांत भी आपके द्वारा बारचार्ट अनुसार कार्य नही करने के कारण तथा समय–समय पर निरंतर प्रेषित किये गये पत्राचार का पालन नहीं करने पर अनुबंध को समाप्त करते हुये इस कार्यालय के पत्र क्र./प्र.मं.आ.यो./न.पा.नि./945, भिलाई दिनांक 10.07.2023 के तहत् कार्यादेश निरस्त किया गया था। तद्उपरांत आपके द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन पर विचार करते हुये आपके द्वारा दिये गये बार–चार्ट अनुसार उक्त कार्य के लिये आपको पुनः कार्यादेश प्रदत्त किया गया। जिससे यह स्पष्ट है कि आपके द्वारा कार्य के प्रति निरंतर लापरवाही दिखाया गया है।

3. कोविड द्वितीय चरण के बाद शासन से निरंतर समय–समय पर राशि आंबटन किया गया है। अब तक आपके द्वारा किये गये 58% कार्य का भुगतान किया जा चुका है। किन्तु आपके द्वारा कार्य में रूची नहीं लिये जाने के कारण एवं लेबर मशीनरी कम रखे जाने से कुछ ही कार्य पूर्ण कराया गया है। जिससे आपके द्वारा शासन की महत्वकांक्षी योजना पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हुये शासन की निधि का अवरोध किया जा रहा है।

4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अधिकरण द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में आपके कार्य के प्रगति पर अत्यंत नराजगी जताते हुऐ आपके प्रतिनिधि के समक्ष पर्याप्त लेबर एवं मशीनरी के साथ सभी प्लिंथ स्तर के आवासों के छत पूर्ण कार्य एवं पूर्ण किश्त जमा किये सभी हितग्राहियों के आवास को दिनांक 31 मार्च 2025 तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये थे किन्तु दिनांक 01.02.2025 को लिए गये मीटिंग के बाद सतत् स्थल निरीक्षण के दौरान 1120 यूनिट आवास स्थल में पिछले 01 माह के पूर्व केवल 10–12 लेबर तथा विगत 01 माह से कोई भी लेबर एवं मशीनरी कार्य करते नही पाये गये है। जिससे स्पष्ट है कि आपके द्वारा कार्य की प्रगति धीमीरत रखने एवं निर्देशो का पालन नहीं करने से शासन एवं निगम की छवि धूमील हो रही है जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी है।

5. पूर्व में आबंटित किये गये 524 हितग्राहियों में से पूर्ण किश्त जमा किये गये 219 हितग्राहियों के आवासों की सूची मोबाईल नं. सहित आपको उपलब्ध कराया गया। सचिव महोदय द्वारा प्रदत्त निर्देशों के परिपालन में पूर्ण किश्त जमा किये गये 219 हितग्राहियों मे से केवल 40 हितग्राहियों के आवास को आपके द्वारा आज दिनांक पूर्ण नहीं किया गया है, जिससे शेष 179 हितग्राही आवास से वंचित हो रहे है एवं आबंटित 524 में से 305 हितग्राही अपना पूर्ण किश्त की राशि जमा करने में भी रूचि नही दिखा रहे है। आपके इस कृत्य से केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजना में निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों को समय पर आवास प्रदान किये जाने के लक्ष्य में नगर पालिक निगम, भिलाई एवं शासन की छवि धूमिल हो रही है। जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी है।

6. आपके 1120 यूनिट आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य में 420 आवास फिनिशिंग स्तर (ग्रिल विण्डो, दरवाजा, टाईल्स, बिजली पानी फिटिंग, पैनल, टैप कनेक्शन, किचन फिटिंग), 184 आवास स्ट्रक्चर एवं छत पूर्ण तथा 516 आवास फाउण्डेशन स्तर पर है।

7. सचिव महोदय द्वारा दी गई अवधि 31.05.2025 तक स्थिति में सभी आबंटित एवं पूर्ण किश्त जमा किये हितग्राहियों के आवासों को पूर्ण करने में केवल 15 दिवस ही शेष है। उपरोक्त सभी आवासों में निर्माण कार्य विगत 01 माह से पूर्णतः बंद स्थिति में है।

अतः पूर्व निर्धारित समयावधि दिनांक 31.05.2025 तक सभी आबंटित एवं पूर्ण किश्त जमा किये हितग्राहियों के आवासों को पूर्ण करना सुनिश्चित करने एवं शेष अन्य मकानों को दिनांक 31.08.2025 तक पूर्ण करने कार्य योजना 02 दिवस में प्रस्तुत करते हुए कार्य पूर्ण करें अन्यथा अनुबंध की कंडिका क्रमांक–1.15 अनुसार अनुबंध निरस्त करते हुए आपको काली सूची में दर्ज करने एवं धरोहर राशि, सुरक्षित राशि एवं शेष बचे कार्य की लागत का 10% राशि को राजसात करने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पत्र क्र0/प्र.मं.आ.यो/न.नि./2025/385 भिलाई, दिनांक 15/5/2025

प्रतिलिपि :–

1. सचिव महोदय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग,अटल नगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. संचालक महोदय, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग,अटल नगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी,राज्य शहरी विकास अभिकरण,अटल नगर नवा रायपुर, को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता, सह नोडल अधिकारी (प्र.मं.आ.यो.) नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. मेसर्स सावजानी, ए.एण्ड.ई. पी.एम.सी. कंसलटेंट राजकोट, गुजरात को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

(17)

# कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला–दुर्ग
## प्रधानमंत्री आवास योजना
**E-mail:- pmay.bhilai@gmail.com**

क्रमांक / प्र.मं.आ.यो. / 2018 / 76

भिलाई, दिनांक 05 / 05 / 2018

## ☆ कार्यादेश ☆

प्रति,

मे. चन्द्र निर्माण प्रा.लिमिटेड
विला न0 –22 मारूति लाईफ स्टाईल
रायपुर (छ0ग0)।

विषयः– प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 1120 नग बहुमंजिला मकान निर्माण, आंतरिक विद्युतीकरण एवं बाह्य विकास कार्य, मार्ग,नाली, सिवरेज़,जल–कार्य इत्यादि कार्य (बाह्य विद्युतीकरण को छोड़कर)।

संदर्भः– निविदा दिनांक 26.08.2017 स्वीकृत राशि रू0 5013.00 लाख (लम्प–सम) ।

~~~~~00~~~~~

उपरोक्त विषयांतर्गत सूचित किया जाता है, कि आप के द्वारा उक्त कार्य हेतु निविदा में दी गई निविदा दर राशि रू0 5013.00 लाख (लम्प–सम) की स्वीकृति मुख्य कार्यपालन अधिकारी,राज्य शहरी विकास अभिकरण नया रायपुर (छ.ग.) के पत्र कमांक 773 / 100 दिनांक 16.04.2018 द्वारा प्रदान की गई है, तथा आपके द्वारा संविदा की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है।

अतः कार्यादेश जारी तिथि से 18 माह के भीतर कार्य पूर्ण करें ।

संलग्नः– (आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम भिलाई

25-5-18

क्रमांक / प्र.मं.आ.यो. / 2018 / 77

भिलाई, दिनांक 05 / 05 / 2018

प्रतिलिपिः–

1. महापौर महोदय, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
2. अध्यक्ष महोदय, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी (योजना), राज्य शहरी विकास अभिकरण नया रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ ।
6. लेखाधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी सदस्य लोक निर्माण समिति, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ
8. वार्ड पार्षद, वार्ड क्र. – नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

25/05/18

पावती

कार्यपालन अभियंता
प्रधानमंत्री आवास योजना
नगर पालिक निगम भिलाई
~~~~~

(५०७)

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
मदर टेरेसा नगर, जोन क्रमांक–03 भिलाई
फोन नं. 0788–4032053, ई–मेल : pmay.bhilai@gmail.com

क्र0 / प्र.मं.आ.यो. / न.नि. / 2023 / 1049 भिलाई, दिनांक 07/ 8 /2023

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.,
विला न. – 22 मारूति लाईफ स्टाईल
रायपुर (छ.ग.)

विषय :– प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1120 नग ए.एच.पी. आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के संबंध में।

संदर्भः– 1. कार्यादेश क्र.– 76 दिनांक 05.05.2018
2. कार्यालयीन पत्र क्र.–945, दिनांक 10.07.2023
3. आपका आवेदन दिनांक 27.07.2023

––00––

उपरोक्त संदर्भ एवं विषयान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक भागीदारी में किफायती आवास (AHP) अंतर्गत 1120 यूनिट आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य का भुगतान किये जाने के पश्चात भी लंबे समय से बन्द रखने एवं पुनः कार्य प्रारंभ नहीं करने के कारण उक्त कार्य का अनुबंध समाप्त कर कार्यादेश निरस्त कर दिया गया था। जिसके परिपेक्ष्य में आपके द्वारा संदर्भित आवेदन द्वारा कार्य करने अनुरोध किया गया है। अतः आपके अनुरोध पर निरस्त किये गये संदर्भित कार्यादेश को निविदा उपरांत किये गये द्विपक्षीय अनुबंध के पालन करने एवं निम्नानुसार कार्य करने की शर्तों पर अस्थायी रूप से बहाल किया जाता हैः–

1. 1120 आवास में से छत तक पूर्ण 560 आवास को 31 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण करना होगा इसके साथ ही सम्पूर्ण बाह्य विकास कार्य भी 31 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण करना होगा।
2. शेष 560 अधूरे आवास को 31 मार्च 2024 तक पूर्ण किया जाना होगा।
3. अनुबंध के अतिरिक्त कोई मांग नगर पालिक निगम भिलाई से नहीं किया जावेगा और न ही अनुबंध के विपरीत कोई कार्य किया जावेगा।
4. अनुबंध के विपरीत अथवा उपरोक्तानुसार निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति में अनुबंध के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही की जा सकेगी जिसके लिये एजेंसी स्वयं जवाबदार होगा।
5. उक्तानुसार समयबद्ध कार्य विवरण तालिका (Bar Chart) कार्य प्रारंभ करने के पूर्व प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्तानुसार समयावधि में कार्य पूर्ण किये जाने पर कार्य के गुणदोष के आंकलन अनुसार समयावधि के दण्ड पर पृथक से विचार किया जावेगा।

Vyas.

(रोहित व्यास)
आई.ए.एस
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

क्रमशः.....

पृ0क्र0/ /प्र.मं.आ.यो/न.पा.नि./2023 /1050
प्रतिलिपि :–

भिलाई, दिनांक 07/8/2023

1. विशेष सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नवा रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ।
2. संचालक, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नवा रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ।
3. मुख्य अभियंता, लोक कर्म विभाग, शंकर नगर रायपुर, को सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, नवा रायपुर छ.ग. को सूचनार्थ।
5. अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी (प्र0मं0आ0यो0), नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
6. सर्व विभाग प्रमुख, ............................................................... नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. जन सम्पर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
8. मेसर्स सावजानी ए एण्ड ई कन्सलटेन्ट को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

क्र0 / प्र.मं.आ.यो. / न.नि. / 2024 / 09 भिलाई, दिनांक 02 / 4 / 2024

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.,
विला न. – 22 गारूति लाईफ स्टाईल
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1120 नग एएचपी आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के धीमी प्रगति के संबंध में ।

संदर्भः– 1.कार्यादेश क. 76 दिनांक 05 / 05 / 18 ।
2. पुनः कार्यादेश क्र / न.नि. / 1049 भिलाई दिनांक 07.08.2023 ।

—000—

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा ए.एच.पी. के 1120 नग आवास निर्माण एवं बाह्य विकास का कार्य 18 माह के समयावधि में पूर्ण करने हेतु कार्यादेश दिया गया था। कार्य प्रगति अत्यंत धीमी होने के कारण आपको प्रदत्त कार्यादेश एक बार निरस्त किया जा चुका है, जिसे आपके अनुरोध एवं आपके द्वारा प्रस्तुत बार–चार्ट के अनुरूप कार्य पूर्ण करने की शर्तो पर बहाल किया गया है, किन्तु आपके द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। आज दिनांक तक 536 नग आवास निर्माण कार्य अभी भी प्लिंथ लेवल पर रूका हुआ है। कार्य को पूर्ण करने हेतु प्रदान की गई समयवृद्धि दिनांक 31.03.2024 को समाप्त हो गया है। कृपया 536 नग अपूर्ण आवासों के निर्माण के साथ सभी 1120 आवासों की फिनिशिंग एवं बाह्य विकास कार्य को पूर्ण करने हेतु बार–चार्ट 3 दिवस में प्रस्तुत करें, तथा यह भी सुनिश्चित करें की कार्य बार–चार्ट के अनुरूप संपादित किया जावेगा। इसके लिये लगाये जाने वाले मैन पॉवर की जानकारी प्रतिदिन विभाग को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

2/4/24

अधीक्षण अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ0क्र0 / / प्र.मं.आ.यो / न.पा.नि. / 2024 भिलाई, दिनांक / / 2024

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. कार्यपालन अभियंता (प्र0मं0आ0यो0), नगर पालिक निगम भिलाई को पालनार्थ।
3. मेसर्स सावजानी ए एण्ड ई कन्सलटेन्ट को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

- Sd -

अधीक्षण अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम
भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग(छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

क्र0 / प्र.मं.आ.यो. / न.नि. / 2024 / 51 भिलाई, दिनांक 17/4 /2024

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.,
विला न. – 22 मारूति लाईफ स्टाईल
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1120 नग एएचपी आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के धीमी प्रगति के संबंध में ।

संदर्भः– 1.कार्यादेश क. 76 दिनांक 05/05/18 ।
2. पुनः कार्यादेश क्र / न.नि. / 1049 भिलाई दिनांक 07.08.2023 ।

---000---

विषयांतर्गत लेख है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एएचपी घटक के 1120 नग आवास निर्माण एवं बाह्य विकास का कार्य आपके द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 560 नग आवास का छत निर्माण का कार्य पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है। किन्तु दिनांक 31.03.2024 तक दिये गये समयवृद्धि एवं आपके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत बार–चार्ट अनुसार उक्त 560 आवासों का फिनिशिंग एवं बाह्य विकास का कार्य पूर्ण कर लिया जाना था किन्तु आज दिनांक तक आपके द्वारा उक्त 560 आवास पूर्ण नहीं किया गया है, जो किं अत्यंत खेदजनक है। पूर्व में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य की धीमी गति के संबंध में समय–समय पर आपको सूचित किया गया था।

वर्तमान मे उक्त सभी कार्य आपके द्वारा समयसीमा में पूर्ण नही किये जाने के कारण पुनः बार–चार्ट प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार 440 आवासों के फिनिशिंग एवं बाह्य विकास कार्य 30 अप्रैल 2024 तक पूर्ण किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है किन्तु बार–चार्ट प्रस्तुत करने के उपरांत समय–समय पर स्थल निरीक्षण किया गया जिसमें मैन पावर, समाग्री एवं मशीनरी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी होना पाया गया। जिससे निर्माण कार्य के प्रति आपका उदासीनता प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्तानुसार आपको सूचित किया जाता है कि 3 दिवस के भीतर स्थल पर पर्याप्त मैन पावर,समाग्री एवं मशीनरी उपलब्ध कराया जाकर बार–चार्ट अनुसार कार्य पूर्ण करना सुनिश्चि करें अन्यथा अनुबंध की कंडिका क्र. 1.14 एवं 1.15 अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ0क्र0 / / प्र.मं.आ.यो / न.पा.नि. / 2024 भिलाई, दिनांक / /2024

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, अटल नगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता, प्र.मं.आ.यो. नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ।
4. मेसर्स सावजानी ए एण्ड ई कन्सलटेन्ट को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम
भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

क्र0 / प्र.मं.आ.यो. / न.नि. / 2024 / 137 भिलाई, दिनांक 20 / 5 / 2024

**स्मरण पत्र**

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.,
विला न. – 22 मारूति लाईफ स्टाईल
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1120 नग एएचपी आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के धीमी प्रगति के संबंध में ।

संदर्भः– 1.कार्यादेश क. 76 दिनांक 05/05/18 ।
2. पुनः कार्यादेश क्र/न.नि./1049 भिलाई दिनांक 07.08.2023 ।
3. कार्यालय का पत्र क्र./51/न.पा.नि./भिलाई दिनांक 19.04.2024 ।

--000--

विषयांतर्गत लेख है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एएचपी घटक के 1120 नग आवास निर्माण एवं बाह्य विकास का कार्य आपके द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 560 नग आवास का छत निर्माण का कार्य पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है। किन्तु दिनांक 31.03.2024 तक दिये गये समयवृद्धि एवं आपके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत बार–चार्ट अनुसार उक्त 560 आवासों का फिनिशिंग एवं बाह्य विकास का कार्य पूर्ण कर लिया जाना था किन्तु आज दिनांक तक आपके द्वारा उक्त 560 आवास पूर्ण नहीं किया गया है, जो कि अत्यंत खेदजनक है। पूर्व में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य की धीमी गति के संबंध में समय–समय पर आपको सूचित किया गया था।

वर्तमान मे उक्त सभी कार्य आपके द्वारा समयसीमा में पूर्ण नही किये जाने के कारण पुनः बार–चार्ट प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार 440 आवासों के फिनिशिंग एवं बाह्य विकास कार्य 30 अप्रैल 2024 तक पूर्ण किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है किन्तु बार–चार्ट प्रस्तुत करने के उपरांत समय–समय पर स्थल निरीक्षण किया गया जिसमें मैन पावर, समाग्री एवं मशीनरी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी होना पाया गया। जिससे निर्माण कार्य के प्रति आपका उदासीनता प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्तानुसार आपको सूचित किया जाता है कि 3 दिवस के भीतर स्थल पर पर्याप्त मैन पावर,समाग्री एवं मशीनरी उपलब्ध कराया जाकर बार–चार्ट अनुसार कार्य पूर्ण करना सुनिश्चि करें अन्यथा अनुबंध की कंडिका क्र. 1.14 एवं 1.15 अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ0क्र0 / /प्र.मं.आ.यो/न.पा.नि./2024 138 भिलाई, दिनांक 20/5/2024

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, अटल नगर नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
3. अधीक्षण अभियंता, प्र.मं.आ.यो. नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ।
4. मेसर्स सावजानी ए एण्ड ई कन्सलटेन्ट को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम
भिलाई

20/5/24

(609)

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग(छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

क्र0 / प्र.मं.आ.यो. / न.नि. / 2024 / 371                                   भिलाई, दिनांक 17 / 7 / 2024

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.,
विला न. – 22 मारूति लाईफ स्टाईल
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1120 नग एएचपी आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के धीमी प्रगति के संबंध में ।

संदर्भः–
1. कार्यादेश क. 76 दिनांक 05 / 05 / 18 ।
2. पुनः कार्यादेश क्र / न.नि. / 1049 भिलाई दिनांक 07.08.2023 ।
3. कार्यालय का पत्र क्र. / 225 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 10.06.2024 ।
4. कार्यालय का पत्र क्र. / 313 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 08.07.2024 ।

---000---

विषयांतर्गत लेख है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एएचपी घटक के 1120 नग आवास निर्माण एवं बाह्य विकास का कार्य आपके द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य अंतर्गत 560 नग आवास का छत निर्माण का कार्य पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है। आपके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत बार–चार्ट अनुसार उक्त 560 आवासों का फिनिशिंग एवं बाह्य विकास का कार्य पूर्ण कर लिया जाना था किन्तु आज दिनांक तक आपके द्वारा उक्त 560 आवास पूर्ण नहीं किया गया है, जो कि अत्यंत खेदजनक है। पूर्व में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य की धीमी गति के संबंध में समय–समय पर आपको सूचित किया गया था।

वर्तमान मे उक्त सभी कार्य आपके द्वारा समयसीमा में पूर्ण नही किये जाने के कारण पुनः बार–चार्ट प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार 440 आवासों के फिनिशिंग एवं बाह्य विकास कार्य अप्रैल 2024 तक पूर्ण किया जाना था, किन्तु कोई भी आवास का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। निर्माण स्थल में मैन पावर, समाग्री एवं मशीनरी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी होना पाया गया, इससे निर्माण कार्य के प्रति आपका उदासीनता प्रतीत होता है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि 1120 आवास निर्माण एवं बाह्य विकास के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर अवगत करायें अन्यथा अनुबंध की कंडिका क्र. 1.14 एवं 1.15 अनुसार आावश्यक कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ0क्र0 / 372 / प्र.मं.आ.यो / न.पा.नि. / 2024                                   भिलाई, दिनांक 17 / 7 / 2024

प्रतिलिपि :–

1. अधीक्षण अभियंता, प्र.मं.आ.यो. नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. मेसर्स सावजानी ए एण्ड ई कन्सलटेन्ट को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

625

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

क्र0 / प्र.मं.आ.यो. / न.नि. / 2024 / 595 भिलाई, दिनांक 12/9 /2024

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.,
विला न. – 22 मारूति लाईफ स्टाईल
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1120 नग एएचपी आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के धीमी प्रगति के संबंध में ।

संदर्भः– 1.कार्यादेश क. 76 दिनांक 05/05/18 ।
2. पुनः कार्यादेश क्र / न.नि. / 1049 भिलाई दिनांक 07.08.2023।
3. कार्यालय का पत्र क्र. / 225 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 10.06.2024।
4. कार्यालय का पत्र क्र. / 313 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 08.07.2024।
5. कार्यालय का पत्र क्र. / 371 / न.पा.नि. / भिलाई दिनांक 19.07.2024।

000

विषयांतर्गत लेख है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एएचपी घटक के 1120 नग आवास निर्माण एवं बाह्य विकास का कार्य आपके द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य अंतर्गत 560 नग आवास का छत निर्माण का कार्य पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है। आपके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत बार–चार्ट अनुसार उक्त 560 आवासों का फिनिशिंग एवं बाह्य विकास का कार्य अप्रैल 2024 तक पूर्ण कर लिया जाना था किन्तु आज दिनांक तक आपके द्वारा उक्त 560 आवास पूर्ण नहीं किया गया है, जो कि अत्यंत खेदजनक है। पूर्व में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य की धीमी गति के संबंध में समय–समय पर आपको सूचित किया गया था।

वर्तमान मे उक्त सभी कार्य आपके द्वारा समयसीमा में पूर्ण नही किये जाने के कारण पुनः बार–चार्ट प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार 440 आवासों के फिनिशिंग एवं बाह्य विकास कार्य सितम्बर 2024 तक पूर्ण किया जाना है, किन्तु कोई भी आवास का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। निर्माण स्थल में मैन पावर, समाग्री एवं मशीनरी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी होना पाया गया, इससे निर्माण कार्य के प्रति आपका उदासीनता प्रतीत होता है। वर्तमान में आपको दिनांक 31.12.2024 तक कार्य पूर्ण करने हेतु समयवृद्धि प्रदान की गई है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि 1120 आवास निर्माण एवं बाह्य विकास के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर अवगत करायें ताकि हितग्राहियों को जल्द से जल्द व्यवस्थापन किया जा सकें अन्यथा अनुबंध की कंडिका क्र. 1.14 एवं 1.15 अनुसार आावश्यक कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.
नगर पालिक निगम,भिलाई

पृ0क्र0 / / प्र.मं.आ.यो / न.पा.नि. / 2024 भिलाई, दिनांक / /2024

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता, प्र.मं.आ.यो. नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ।
3. मेसर्स सावजानी ए एण्ड ई कन्सलटेन्ट को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.
नगर पालिक निगम,भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

पत्र क0/ 627 /प्र.मं.आ.यो/न.पा.नि./2024 620 भिलाई, दिनांक 20/9/2024
प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्गाण प्रा.लि.
विला नं.–22 मारूति लाईफ स्टाईल
जिला– रायपुर, (छ0ग0)

**विषयः–** **प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत निर्माणाधीन 1120 यूनिट में आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के संबंध में।**

**संदर्भः–**
1. कार्यादेश क्र. 76 दिनांक 05/05/2018 ।
2. पुनः कार्यादेश क्र./न.नि./1047 भिलाई दिनांक 07.08.2023।
3. कार्यालय का पत्र क्र./371/प्र.मं.आ.यो./2024 भिलाई दिनांक 19.07.2024।
4. कार्यालय का पत्र क्र./579/प्र.मं.आ.यो./2024 भिलाई दिनांक 09.09.2024।

000

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1120 यूनिट एएचपी घटक के आवास निर्माण एवं बाह्य विकास का कार्य आपके द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य अंतर्गत 560 नग आवास का छत निर्माण का कार्य पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है। आपके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत बार–चार्ट अनुसार उक्त 560 आवासों का फिनिशिंग एवं बाह्य विकास का कार्य अप्रैल 2024 तक पूर्ण कर लिया जाना था किन्तु आज दिनांक तक आपके द्वारा उक्त 560 आवास पूर्ण नहीं किया गया है, जो कि अत्यंत खेदजनक है। पूर्व में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य की धीमी गति के संबंध में समय–समय पर आपको सूचित जाता रहा है।

वर्तमान मे उक्त सभी कार्य आपके द्वारा समयसीमा में पूर्ण नही किये जाने के कारण पुनः बार–चार्ट प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुसार 560 आवासों के फिनिशिंग एवं बाह्य विकास कार्य सितम्बर 2024 तक पूर्ण किया जाना है, किन्तु कोई भी आवास का कार्य पूर्ण होता नहीं दिख रहा है। निर्माण स्थल में मैन पावर, समाग्री एवं मशीनरी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी होना पाया गया, आपको आबंटित आवासों की सूची उपलब्ध कराकर प्राथमिकता के आधार पर उन आवासों को पूर्ण करना था जिसका पालन भी आपके द्वारा नहीं किया जा रहा है। इससे निर्माण कार्य के प्रति आपका उदासीनता के कारण हितग्राहियों के आवास आबंटन में अनावश्यक विलंब हो रहा है। वर्तमान में आपको दिनांक 31.12.2024 तक कार्य पूर्ण करने हेतु समयवृद्धि प्रदान की गई है। समयवृद्धि प्रदान करने के उपरांत भी आज दिनांक तक स्थल पर निम्नानुसार कार्य अपूर्ण हैः–

- उक्त 560 आवासों में टाइल्स लगाने का कार्य शेष है।
- 560 आवासों में पेयजल हेतु पाइप लाइन कार्य शेष है।
- 560 आवासों हेतु सेप्टिंक टैंक निर्माण कार्य शेष है।
- निर्मित सभी आवासों में खिड़की, दरवाजा तथा बालकनी में रैन वाटर पाइप लाइन का कार्य शेष है।

अतः उपरोक्तानुसार आवास निर्माण एवं बाह्य विकास के सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर अवगत करायें ताकि हितग्राहियों को जल्द से जल्द व्यवस्थापन किया जा सकें।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम,भिलाई

पृ0क्र0/ 621 /प्र.मं.आ.यो/न.पा.नि./2024 भिलाई, दिनांक 20/9/20

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता, प्र.मं.आ.यो. नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
3. पी.एम.सी. एजेंसी सावजानी ए.एण्ड.ई. राजकोट, गुजरात को सूचनार्थ।

कार्यपालन अभियंता<br>
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)<br>
नगर पालिक निगम,भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग(छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

पत्र क0/925/प्र.मं.आ.यो/न.पा.नि./2024 भिलाई, दिनांक 14/11/2024

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.
विला नं.–22 मारूति लाईफ स्टाईल
जिला– रायपुर, (छ0ग0)

**विषयः–** **प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत निर्माणाधीन 1120 यूनिट में आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के संबंध में।**

**संदर्भः–**
1. कार्यादेश क्र. 76 दिनांक 05/05/2018 ।
2. पुनः कार्यादेश क्र./न.नि./1047 भिलाई दिनांक 07.08.2023 ।
3. कार्यालय का पत्र क्र./371/प्र.मं.आ.यो./2024 भिलाई दिनांक 19.07.2024 ।
4. कार्यालय का पत्र क्र./579/प्र.मं.आ.यो./2024 भिलाई दिनांक 09.09.2024 ।
5. कार्यालय का पत्र क्र./620/प्र.मं.आ.यो./2024 भिलाई दिनांक 20.09.2024 ।

000

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 1120 यूनिट एएचपी घटक के आवास निर्माण एवं बाह्य विकास का कार्य आपके द्वारा किया जा रहा है। स्थल निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति अत्यंत धीमा पाया गया है, जो कि अत्यंत खेदजनक है। पूर्व में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से निर्माण कार्य की धीमी गति एवं समयसीमा में कार्य को पूर्ण करने के संबंध में समय–समय पर आपको सूचित किया गया था। किन्तु कार्यवाही आज दिनांक तक आपेक्षित है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

1. कुल 1120 यूनिट आवास में से 584 नग आवास का छत निर्माण का कार्य पूर्व में ही आपके द्वारा पूर्ण किया जा चुका है। आपके द्वारा प्रस्तुत किये गये बार–चार्ट अनुसार उक्त 584 आवासों का सभी कार्य (फिनिशिंग एवं बाह्य विकास ) पूर्ण कर नगर पालिक निगम, भिलाई को हैण्डओवर दिया जाना था। किन्तु आज दिनांक तक आपके द्वारा उक्त 584 आवास को पूर्ण नहीं किया गया है। आपके द्वारा नगर निगम, भिलाई को उक्त 584 आवास हैण्डओवर नहीं दिये जाने के कारण हितग्राहियों को व्यवस्थापित करने का कार्य प्रभावित हो रहा है।
2. शेष 1120 यूनिट के 536 आवास जिनका छत निर्माण कार्य शेष है, जिसमें आपके प्रस्तुत बार चार्ट अनुसार दिसम्बर 2024 तक पूर्ण कर लिया जाना है, किन्तु वर्तमान में निर्माण स्थल में मैन पावर, समाग्री एवं मशीनरी पर्याप्त मात्रा में नहीं होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी होना पाया गया।

अतः उपरोक्तानुसार 1120 यूनिट आवास निर्माण एवं बाह्य विकास के सभी कार्य प्रस्तुत बार–चार्ट के अनुसार समयसीमा में पूर्ण कर अवगत करायें ताकि हितग्राहियों को जल्द से जल्द व्यवस्थापन किया जा सकें अन्यथा कंडिका 1.14 एवं 1.15 अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम,भिलाई

पृ0क्र0/ /प्र.मं.आ.यो/न.पा.नि./2024 भिलाई, दिनांक / /2024

प्रतिलिपि :–
1. आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता, प्र.मं.आ.यो. नगर पालिक निगम भिलाई को सादर सूचनार्थ।
3. पी.एम.सी. एजेंसी सावजानी ए.एण्ड.ई. राजकोट, गुजरात को सूचनार्थ।

कार्यपालन अभियंता
प्र.मं.आ.यो.(शहरी)
नगर पालिक निगम,भिलाई

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई जिला–दुर्ग (छ.ग.)
## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

727

क्र0/प्र.मं.आ.यो./न.नि./2024/766 भिलाई, दिनांक 04/12/2024

प्रति,

मेसर्स चन्द्र निर्माण प्रा.लि.
विला नं.–22 मारूति लाईफ स्टाईल
जिला– रायपुर, (छ0ग0)

**विषयः–** प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक अंतर्गत निर्माणाधीन 1120 यूनिट में आवास निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य के संबंध में।

**संदर्भः–**
